nt>

Title: Issue of kidnapped Indian workers in the Iraq.

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर, हि.प्र.) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान इराक में जो छः कर्मचारी बंधक बनाए गए हैं उनकी ओर दिलाना चाहता हूँ जिनमें से तीन कर्मचारी भारतीय हैं। उन तीन भारतीय कर्मचारियों में से दो कर्मचारी श्री तिलकराज और श्री अंतर्यामी हिमाचल प्रदेश में मेरे चुनाव क्षेत्र से संबंधित हैं।

महोदय, पिछले 25 दिनों से ज्यादा समय से उनको वहां बंधक बनाकर रखा गया है और उनको छुड़ाने की दृटि से भारत सरकार ने जो प्रयास किये हैं, वे अभी तक अपर्याप्त हैं। मेरा भारत सरकार से निवेदन है कि उन परिवारों की स्थिति दिन पर दिन बिगड़ती जा रही है। कुछ दिन पहले वे लोग सड़कों पर आने पर मजबूर हुए और उन्होंने रास्ता जाम किया। उसके बाद उनको आश्वस्त किया गया कि बहुत जल्दी उन बंधकों की रिहाई हो जाएगी, लेकिन अभी तक उन बंधकों की रिहाई नहीं हुई और पिछले दिनों वे परिवार भूख हड़ताल करने पर मजबूर हो गए। उनके परिवार वालों की स्थिति दिन पर दिन बिगड़ रही है। उन परिवारों की हालत अत्यंत चिन्तनीय और शोचनीय हो रही है। सरकार इस पर बहुत दिनों से वक्तव्य दे रही है जिससे न तो उनके परिवारों के लोगों को और न ही स्थानीय लोगों को संतोा हो रहा है। मेरा सरकार से निवेदन है कि इस संबंध में तुरंत कारगर कदम उठाए। चूंकि 25 दिन का समय कम नहीं होता, इसलिए तुरंत उचित कदम उठाकर उन परिवारों के दोनों सदस्यों को मुक्त कराएं। हम चाहते हैं कि सरकार इस संबंध में सदन में भी कोई वक्तव्य दे ताकि सदन को भी विश्वास में लिया जा सके।

SHRI SUKHDEV SINGH DHINDSA : Sir, please allow me to speak on this. â€¦(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: No. You all can associate without uttering any further sentence.

Shri Sukhdev Singh Dhindsa, Shri Bikram Keshari Deo and Shri Avinash Rai Khanna are all associated with this matter.

Now, Shri Ramji Lal Suman. This issue has already been discussed. Please be brief.